देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 94 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**इसलिए भी बढ़ रही आबादी



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 10 जुलाई 2021



मौसम — अधिकतम 31.0° न्यूनतम 25.0°

38340.41

2 तालिबान ने चीन को बताया मित्र

7 डिसिल्वा की रणतुंगा को दो टूक

# तीसरी लहर पर 'भीड़' को चेतावनी

## सरकार बोली, संभलिए! ये कोरोना को खुली दावत है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में तेजी के साथ कोरोना के नए मामलों में गिरावट का सिलसिला जारी है, लेकिन अभी संक्रमण का खतरा गया नहीं है। नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य डॉक्टर वीके पॉल ने बताया कि लॉकडाउन में ढील दिए जाने के बाद से पर्यटन स्थलों और बाजारों पर एक नया जोखिम देखने को मिल रहा है। जहां भीड़ का जमावड़ा देखा जा रहा है, सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है। वायरस के लिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचना आसान हो रहा है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

कोरोना वायरस के एक और म्यूटेंट पर डॉक्टर पॉल ने कहा कि विश्व में एक और खतरनाक म्यूटेंट सामने आया है, जिसे श्ध्लैम्ब्डाश कहा जा रहा है। कोरोना वायरस का यह म्यूटेंट कई देशों में कहर मचा रहा है। हमें ऐसे वेरिएंट से सावधान रहना चाहिए। अभी तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि भारत में इस प्रकार के म्यूटेंट की पहचान की गई है। कोरोना के मामलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि कोरोना से बचने के लिए हमें सभी सावधानियां बरतने की जरूरत है। ब्रिटेन, रूस और बांग्लादेश में कोरोना के मामलों में उछाल देखा जा रहा है। हम अभी भी कोरोना की दूसरी लहर से निपट रहे हैं। हमें कोरोना प्रोटोकॉल के उचित व्यवहार का प्रदर्शन जारी रखने की आवश्यकता है।

देश में कोरोना के मामलों पर उन्होंने कहा कि पिछले एक हफ्ते में रोजाना औसतन नए मामलों में 8 फीसद की गिरावट आई है। कोरोना के नए मामलों में से 80 फीसद 90 जिलों से सामने आए हैं। देश में कोरोना की रिकवरी दर में तेजी से इजाफा हुआ है। जो कि अब 97.2 फीसद हो गई है। नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य डॉक्टर वीके पॉल ने बताया कि मंत्रालय की ओर से गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। टीकाकरण अभियान में लगाई जा रहीं तीनों वैक्सीन का उपयोग करने के वे हकदार हैं।

महाराष्ट्र और केरल से आधे नए केस रिपोर्ट हो रहे हैं: स्वास्थ्य मंत्रालय

**24 घंटों में आए कोरोना के 43 हजार नए मामले**

देश में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 43 हजार से अधिक नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 43,393 नए मरीज सामने आए हैं। 911 लोगों की संक्रमण की वजह से मौत हो गई है।



### देशभर में लगाए जाएंगे 1500 से अधिक आक्सीजन प्लांट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देशभर में आक्सीजन के मौजूदा स्टॉक व इसकी वृद्धि को लेकर बुलाई गई उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। वर्चुअली आयोजित इस बैठक में पीएमकेयर्स के तहत पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के इंस्टालेशन का भी प्रधानमंत्री ने जायजा लिया। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया, देशभर में 1500 से अधिक PSA आक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। पीएम केयर्स द्वारा दिए गए PSA आक्सीजन प्लांट के जरिए 4 लाख से अधिक ऑक्सीजेनटेड बिस्तरों को सपोर्ट मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जितनी जल्द हो सके इन प्लांटों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जाए।

### राज्यों के पास अभी भी बची है 1.70 करोड़ से अधिक डोज

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि राज्यों और निजी अस्पतालों में 1.70 करोड़ से अधिक शेष और अप्रयुक्त कोरोना वैक्सीन के टीके अभी भी उपलब्ध हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब तक 38.18 करोड़ (38,18,97,610) डोज दी जा चुकी हैं। जल्द ही 23,80,0080 और डोज उपलब्ध कराई जाएंगी। मंत्रालय ने कहा कि इसमें से अपव्यय सहित कुल खपत 36,48,77,756 खुराक (शुक्रवार को सुबह 8 बजे उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार) है।इसमें कहा गया है कि कोरोना वैक्सीन की 1.70 करोड़ (1,70,19,854) से अधिक अप्रयुक्त डोज राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों और निजी अस्पतालों के पास उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से ठीक हो रहा हूं: कल्याण सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी के पूर्व सीएम और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की तबीयत में लगातार सुधार हो रहा है। इस बीच कल्याण सिंह के निधन की अफवाह भी उड़ रही है। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री की तरफ से बकायदा ट्वीट करके बताया गया है कि वो एकदम स्वस्थ्य हैं। उन्होंने ट्वीट करके कहा, प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से स्वास्थ्य में निरन्तर सुधार हो रहा है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें।

### 4.3 तीव्रता के भूकंप से हिली मेघालय की धरती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तुरा। मेघालय में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर 4.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप मेघालय के तुरा से करीब 53 किलोमीटर उत्तर में दोपहर करीब 1:15 बजे आया। इससे पहले 18 जून को मेघालय के पश्चिमी खासी हिल्स में रिक्टर पैमाने पर 2.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

# एक्शन प्लान के साथ सीएम धामी की दिल्ली में दस्तक

## प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह से करेंगे मुलाकात

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में युवा को नेतृत्व की बागडोर सौंपने से उपजे असंतोष को थामने और सरकारी कामकाज को कुछ हद तक संभालने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अब दिल्ली का रुख कर रहे हैं। शुक्रवार को दिल्ली दौरे पर गए धामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात कर सकते हैं। पार्टी हाईकमान के सामने वह राज्य को लेकर अपना एक्शन प्लान और वरिष्ठों के असंतोष को थामने के लिए उनके स्तर पर की गई कसरत की रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकते हैं।

बीती चार जुलाई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पुष्कर सिंह धामी का यह पहला दिल्ली दौरा है। बताया गया कि धामी के दिल्ली दौरे का कार्यक्रम पहले ही तय कर लिया गया था, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल के चलते पार्टी हाईकमान की व्यस्तता रही। अब फेरबदल होने के बाद गुरुवार देर रात दिल्ली से हरी झंडी मिलने पर धामी शुक्रवार को दिल्ली रवाना हुए।

मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक धामी दिल्ली में कितने समय रुकेंगे, यह वहीं तय होगा। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर सकते हैं। इन मुलाकातों को कई मायनों में अहम माना जा रहा है। खासतौर पर सूबे की कमान युवा के हाथों में सौंपने से पार्टी के भीतर वरिष्ठों में असंतोष उत्पन्न हो गया था।

इस असंतोष को थाम कर धामी ने अपने सियासी कौशल का परिचय भी दिया। अब पार्टी हाईकमान के सामने वह अपने पांच दिन के कार्यकाल की रिपोर्ट पेश कर सकते हैं।

**कम समय में काफी कुछ करने की चुनौती**

मुख्यमंत्री के सामने कम समय में काफी कुछ करने की चुनौती है। ऐसे में उनके एक्शन प्लान पर हाईकमान के मार्गदर्शन की भी दरकार लाजिमी है। खासतौर पर प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के साथ प्रदेश के सियासी हालात और विकास तथा चुनाव के आगामी एजेंडे को लेकर भी वह चर्चा कर सकते हैं। नई सरकार के सामने दायित्व वितरण की चुनौती भी है। इसके लिए भी पार्टी हाईकमान का मार्गदर्शन और परामर्श युवा मुख्यमंत्री को चाहिए, ताकि वरिष्ठों के साथ अन्य स्तर पर असंतोष की गुंजाइश न रहे।

# चिराग पासवान की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में खारिज हो गई। कोर्ट ने कहा कि बिना मेरिट की याचिका है। चिराग की ओर से दायर याचिका में कहा था कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और शीर्ष नेतृत्व को धोखा देने की वजह से राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते पशुपति कुमार पारस को पार्टी से निकाला जा चुका है।

चिराग पासवान की ओर से कहा गया था कि पार्टी से निकले जाने के कारण पशुपति पारस एलजेपी के सदस्य नहीं हैं। चिराग ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के उस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी थी जिसमें उनके चाचा केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस के गुट को मान्यता दी है। इसी मामले में आज कोर्ट में सुनवाई हुई। सभी को फैसले का इंतजार था, कोर्ट ने अपने फैसले में याचिका को खारिज कर दिया।

**याचिका में चिराग ने क्या कहा था?:** चिराग पासवन की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया था कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और शीर्ष नेतृत्व को धोखा देने की वजह से एलजेपी पहले ही पशुपति पारस को पार्टी से बाहर निकाल चुकी है।

**झटका**

■पारस को संसदीय दल का नेता बनाने को लेकर दी थी चुनौती

### चाचा-भतीजे का पूरा विवाद क्या है?

13 जून की शाम से एलजेपी में विवाद शुरू हुआ था। इसके अगले दिन चिराग को छोड़कर बाकी सभी सांसदों ने संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। मीटिंग में हाजीपुर से सांसद पशुपति पारस को संसदीय बोर्ड का नया अध्यक्ष चुना गया था। इसकी सूचना लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला को दी गई थी। लोकसभा सचिवालय ने पारस को मान्यता दे दी। फिर चिराग ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई और पांचों बागी सांसदों को पार्टी से निकाल दिया।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारतीय यूजर्स नहीं होंगे प्रभावित

## दिल्ली हाई कोर्ट में वॉट्सऐप मामले की सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली।वॉट्सऐप ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि उसने अपनी अपडेटेड प्राइवेसी पॉलिसी को स्वेच्छा से रोक दिया है और भारतीय यूजर्स इससे प्रभावित भी नहीं होंगे। CCI द्वारा वॉट्सऐप की अपडेटेड प्राइवेसी पॉलिसी की जांच को चुनौती देने वाली वॉट्सऐप और FB की याचिका की सुनवाई के दौरान कंपनी ने यह कहा है। वॉट्सऐप ने जनवरी में अपनी नई प्राइवेसी पॉलिसी की घोषणा की थी और यूजर्स को साइन-अप करने या अपना अकाउंट डिलीट होने का अल्टीमेटम दिया था।

वहीं, फरवरी में फिर से एक नए मैसेज के साथ इस पॉलिसी का रिमाइंडर यूजर्स को भेजा गया था।

हालांकि, वॉट्सऐप की अपडेटेड प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर कई अधिवक्ताओं, सरकार और अन्य लोगों द्वारा अलग-अलग शिकायतों को देखा गया। इनमें सभी ने कहा कि वॉट्सऐप की अपडेटेड प्राइवेसी पॉलिसी भारतीयों की गोपनीयता और हितों के लिए हानिकारक हैं।